
# राजस्थान का भूगोल
## (Geography of Rajasthan)

## 1. राजस्थान : संभाग और जिले

❑ किन वर्षों में संभागीय आयुक्त के पद को समाप्त और पुनर्स्थापित कर दिया गया था? [RAS -2015]
(1) 1966 में समाप्त और 1973 में पुनर्स्थापित
(2) 1962 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित
(3) 1962 में समाप्त और 1971 में पुनर्स्थापित
(4) 1959 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित
**Ans. (2)**




***व्याख्या*** *– राजस्थान में संभागीय व्यवस्था 1949 से प्रारम्भ ( मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री के कार्यकाल में ) हुई, उस समय पाँच संभाग ( जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर एवं बीकानेर ) बनाये गये, जिनमें जिलों की संख्या 25 थी।*

*• अप्रैल 1962 में मोहनलाल सुखाड़िया ने इस संभागीय व्यवस्था को समाप्त कर दिया जिसे 26 जनवरी 1987 को हरिदेव जोशी ने पुन: प्रारम्भ किया तथा जयपुर से अजमेर को अलग कर राजस्थान का छठा संभाग बनाया गया।*

*• 4 जून, 2005 को मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भरतपुर को 7वाँ संभाग बनाया। 17 मार्च, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रामलुभाया समिति ( गठन 21 मार्च, 2022 ) की अंतरिम रिपोर्ट ( 2 अगस्त, 2023 ) के आधार पर 3 नये संभागों ( बाँसवाड़ा, पाली, सीकर ) एवं 19 नये जिलों के गठन की घोषणा की, जिसकी अधिसूचना 5 अगस्त, 2023 को जारी हुई थी। 28 दिसम्बर, 2024 को मंत्रिमण्डल ने नवगठित जिलों का पुन: निर्धारण ( 3 सम्भाग और 9 जिले समाप्त ) किया, जिनकी अधिसूचना 29 दिसम्बर, 2024 को जारी की गई है, अब राजस्थान में कुल 7 संभाग, 41 जिले हैं।*

❑ किस अवधि में राजस्थान में संभागीय व्यवस्था अस्तित्व में नहीं रही है [जेल प्रहरी 20-10-2018, Sft. -I]
(1) 1970–1990 ई. (2) 1962–1987 ई.
(3) 1966–1987 ई. (4) 1965–1989 ई.
**Ans. (2)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान में संभागीय आयुक्त व्यवस्था को कब पुनर्जीवित किया गया? [कॉलेज व्याख्या.( सारंगी ) -30.5.19]
[JEN (Mechanical) Diploma- 20.05.2022]
(1) 1977 (2) 1985 (3) 1987 (4) 1997
**Ans. (3)** ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 17 मार्च, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री ने 19 जिलों और तीन नए खंडों को बनाने की घोषणा की। निम्न में से कौनसा नया खंड नहीं हैं?
[सूचना सहायक-21.1.2024]
(1) सीकर (2) डूँगरपुर (3) बाँसवाड़ा (4) पाली
**Ans. (2)** ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ अजमेर राजस्थान का छठा संभाग कब बना-
[VDO-27.12.2021 (S-II)]
(1) 1987 (2) 1982 (3) 1977 (4) 1991
**Ans. (1)** ***व्याख्या*** *- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ **राजस्थान का कौनसा संभाग राज्य में सर्वाधिक क्षेत्रफल घेरता है?**[स्कूल व्याख्याता (Coach)-20.10.2022]

(1) बीकानेर (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) भरतपुर

**Ans.** (3)

*__व्याख्या__ - वर्तमान में क्षेत्रफल की दृष्टि से __जोधपुर सबसे बड़ा__ संभाग तथा __भरतपुर सबसे छोटा__ संभाग है।*

- *__अन्तर्वर्ती संभाग 'अजमेर संभाग'__ है, जो सभी संभागों से सीमा बनाता है।*
- *भरतपुर संभाग तीन राज्यों (हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश) के साथ सीमा बनाता है।*

**जिलेवार सम्भाग (7) : एक दृष्टि में**

| संभाग | जिले | जिलों का नाम |
|---|---|---|
| 1. जयपुर | 7 | जयपुर, सीकर, झुन्झुनूँ, कोटपूतली- बहरोड़, दौसा, खैरथल-तिजारा, अलवर |
| 2. अजमेर | 6 | अजमेर, ब्यावर, टोंक, नागौर, डीडवाना-कुचामन, भीलवाड़ा |
| 3. जोधपुर | 8 | जोधपुर, पाली, फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, सिरोही |
| 4. भरतपुर | 5 | भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, डीग |
| 5. उदयपुर | 7 | उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, सलूम्बर, प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा |
| 6. बीकानेर | 4 | बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू |
| 7. कोटा | 4 | कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़ |

❒ **राजस्थान का तैंतीसवा जिला (जो 2008 में बना) किस संभाग में है?** [II Grade (Social Study) 2011]
[जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -II]

(1) अजमेर (2) भरतपुर (3) कोटा (4) उदयपुर

**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **सवाई माधोपुर किस संभाग में है?** [जेल प्रहरी -2017]

(1) भरतपुर (2) कोटा (3) अजमेर (4) जयपुर

**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **संभाग व जिलों का सही युग्म है-**
[RBET L-II (Re-Exam), 16.10.2021]

(1) अजमेर - अजमेर, नागौर, टोंक, भीलवाड़ा
(2) बीकानेर - बीकानेर, चूरू, झुन्झुनूँ, सीकर
(3) कोटा - कोटा, बूँदी, सवाई माधोपुर, बाराँ
(4) उदयपुर - उदयपुर, राजसमंद पाली, सिरोही

**Ans.** (1) *__व्याख्या__ - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **अलवर जिला किस संभाग में है?** [जेल प्रहरी- 2017]
[जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]

(1) भरतपुर (2) बीकानेर (3) कोटा (4) जयपुर

**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राज्य में संभागों एवं जिलों की संख्या क्रमशः है?**
[छात्रावास अधीक्षक, 2008][राज.पुलिस कॉन्स्टेबल-14.5.2022]

(1) 6 एवं 30 (2) 7 एवं 33
(3) 6 एवं 32 (4) 7 एवं 30

**Ans.** (2)*

*__व्याख्या__ -परीक्षा काल के समय राजस्थान में 7 सम्भाग, 33 जिले थे। वर्तमान में 7 संभाग एवं 41 जिले हैं।*

*1 नवम्बर, 1956 को पुनर्गठन के समय राजस्थान में जिलों की संख्या 26 थी।*

| क्रम | जिला | निर्माण की तिथि | पृथक |
|---|---|---|---|
| 27वाँ | धौलपुर | 15 अप्रेल, 1982 | भरतपुर |
| 28वाँ | बारां | 10 अप्रेल, 1991 | कोटा |
| 29वाँ | दौसा | 10 अप्रेल, 1991 | जयपुर |
| 30वाँ | राजसमंद | 10 अप्रेल, 1991 | उदयपुर |
| 31वाँ | हनुमानगढ़ | 12 जुलाई, 1994 | गंगानगर |
| 32वाँ | करौली | 19 जुलाई, 1997 | सवाईमाधोपुर |
| 33वाँ | प्रतापगढ़ | 26 जनवरी, 2008 | चित्तौड़गढ़ उदयपुर बाँसवाड़ा |

*7 अगस्त, 2023 को नये 19 जिलों का उद्घाटन दिवस मनाया गया था। 29 दिसम्बर, 2024 को राज्य सरकार ने नवगठित जिलों की अधिसूचना जारी कर निम्नांकित 8 जिलों को यथावत रखा है-*

| क्रम | जिले का नाम | किस जिले से बना |
|---|---|---|
| 34वाँ | बालोतरा | बाड़मेर |
| 35वाँ | ब्यावर | अजमेर, पाली, राजसमन्द, भीलवाड़ा |
| 36वाँ | डीग | भरतपुर |
| 37वाँ | डीडवाना-कुचामन | नागौर |
| 38वाँ | कोटपूतली-बहरोड़ | जयपुर व अलवर |
| 39वाँ | खैरथल-तिजारा | अलवर |
| 40वाँ | फलौदी | जोधपुर |
| 41वाँ | सलूंबर | उदयपुर |

❒ **राजस्थान का सत्ताईसवाँ जिला कौन-सा बनाया गया था?** (PTET Exam, 2009)

(1) हनुमानगढ़ (2) राजसमन्द (3) धौलपुर (4) टोंक

**Ans.** (3) *__व्याख्या__ - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ गंगानगर से हनुमानगढ़ जिले का गठन कब हुआ था–[पटवार-24.10.2021 (I)][पुलिस कॉन्स्टेबल-14.7.2018 (I)]

(1) 01.08.1994 (2) 18.04.1996
(3) 18.04.1995 (4) 12.07.1994

Ans. (4) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से किस वर्ष बारां जिले को राजस्थान के पहले के कोटा जिले से अलग करके बनाया गया? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]

(1) 1995 (2) 1998
(3) 1991 (4) 1999

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रतापगढ़ को राजस्थान का 33वाँ जिला घोषित किया गया– [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (I)]

(1) 2010 में (2) 2008 में (3) 2006 में (4) 2011 में

Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ दौसा जिले का गठन कब हुआ? [जेल प्रहरी-2017]

(1) 1991 (2) 1993 (3) 1990 (4) 1992

Ans. (1) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ करौली जिले का गठन हुआ[पटवार-24.10.2021 (S - II)]

(1) 07.09.1995 (2) 19.07.1997
(3) 17.09.1998 (4) इनमें से कोई नहीं

Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ 27वें जिले के रूप में गठित धौलपुर का क्षेत्र पूर्व में किस जिले/जिलों का भाग था? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -III]

(1) भरतपुर–सवाई माधोपुर (2) भरतपुर–दौसा
(3) केवल भरतपुर (4) करौली–भरतपुर

Ans. (3)

***व्याख्या** – राजस्थान के पूर्वीभाग में उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश राज्य की सीमाओं से सटा धौलपुर ( प्राचीन नाम धवलगिरी ) जिला वर्ष 1982 में भरतपुर जिले से अलग होकर अस्तित्व में आया था।*

❑ राजस्थान के नवगठित 33वें जिले प्रतापगढ़ का गठन किन-किन जिलों के क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है? [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014] [जेल प्रहरी परीक्षा 20-10-2018, Shift -II]

(1) डूँगरपुर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा
(2) बाँसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़
(3) चित्तौड़गढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(4) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूँगरपुर

Ans. (2)

***व्याख्या**- प्रतापगढ़ जिला उदयपुर के धरियावाद, चित्तौड़गढ़ से छोटी सादड़ी, अरनोद एवं प्रतापगढ़ तथा बाँसवाड़ा से पीपलखूंट को मिलाकर बनाया गया।*

❑ कौनसे जिला मुख्यालय की तहसील जिले के नाम से नहीं है?[जेल प्रहरी-21-10-2018, S -II][संगणक- 5.5.2018]

(1) भीलवाड़ा (2) चित्तौड़गढ़ (3) बाड़मेर (4) राजसमंद

Ans. (4)

***व्याख्या** – राजसमंद जिला मुख्यालय का नाम राजनगर है।*

❑ राजस्थान विभाग, राजस्थान की अधिसूचना के द्वारा नवगठित 17 जिलों एवं तीन संभागों की प्रशासनिक आवश्यकता के संबंध में समीक्षा हेतु गठित मंत्रिमण्डलीय उपसमिति का निम्न में से कौन सदस्य नहीं हैं–[सहायक सांख्यिकी अधिकारी (25.08.2024)]

(1) सुरेश सिंह रावत (2) हेमन्त मीणा
(3) जोगाराम पटेल (4) राज्यवर्धन सिंह राठौड़

Ans. (3)

***व्याख्या** – 12 जून, 2024 को नवगठित जिलों एवं संभागों की समीक्षा हेतु गठित मंत्रिमण्डलीय उपसमिति –*

- ***संयोजक** – **मदन दिलावर** (पूर्व में प्रेमचन्द बैरवा)*
- ***सदस्य** – राज्यवर्धन सिंह राठौड़, कन्हैया लाल चौधरी, हेमंत मीणा, सुरेश सिंह रावत।*

***राजस्थान में नये जिले बनाने हेतु गठित समितियाँ : एक दृष्टि में***

- *जी. एस. सन्धू कमेटी (2011) – मुख्यमंत्री अशोक गहलोत*
- *परमेश चन्द्र कमेटी (2013-18) – मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे*
- *रामलुभाया कमेटी (मार्च, 2022) –मुख्यमंत्री अशोक गहलोत*
- *ललित के. पंवार समिति (29 जून, 2024-31 अगस्त, 2024) – मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा*

❑ कौन से युग्म सही सुमेलित हैं?[Patwar Main 24.12.16]

(1) जोधपुर – अनियमित बहुभुजाकार
(2) सीकर – अर्द्ध-चन्द्रकार
(3) जैसलमेर – मयूराकार
(4) करौली – बतखाकार

कूट: (1) 2 और 3 (2) 1 और 4 (3) केवल 4 (4) 2 और 4

Ans. (4)

Scanned with OKEN Scanner